(14)

पूर्व मध्य रेल

परिचालन संरक्षा चेतावनी सं0.04/2019

(OPERATING SAFETY ALERT NO.04/2019)

विषयः–दक्षिण मध्य रेलवे **(SCR)** में दिनांक 11.11.2019 को **MMTS** पैसेन्जर ट्रेन द्वारा स्टार्टर सिगनल **"ON"** स्थिति में पास करने के कारण हुई टक्कर **(Collission)** के संबंध में ।

दिनांक 11.11.2019 को 10:40 बजे दक्षिण मध्य रेल के हैदराबाद डिवीजन के काचीगुड़ा **(KCG)** स्टेशन पर डाउन में आनेवाली ट्रेन नं0 47178 (लिंगमपल्ली–फलकनुमा) **MMTS** पैसेन्जर का लोको पायलट पथ सं0 2 अर्थात् मेन लाईन स्टार्टर सिगनल नं0 **S-2** को **"ON"** स्थिति में उस समय पास कर गया जब 'अप' दिशा से आनेवाली ट्रेन नं0 17028 (करनूल–सिकन्दराबाद) एक्सप्रेस को पथ सं0 04 पर लिया जा रहा था। इसके फलस्वरूप दोनों ट्रेनों में आमने–सामने की टक्कर **(Collission)** हो गई ।

उपरोक्त दुर्घटना के संबंध में प्राप्त सूचना से यह स्पष्ट है कि लोको पायलट ने सिगनल का इशारा **(Aspect)** सुनिश्चित किए बिना इसे **"ON"** की अवस्था में पास किया जिससे टक्कर की घटना हुई ।

हिदायत **(Instruction):**

(1) इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसे रोकने के लिए सभी मंडलों **(divisions)** द्वारा लोको निरीक्षकों **(Loco Inpectors)** को प्रतिनियुक्त कर लोको पायलटों/सहायक लोको पायलटों में सतर्कता एवं सजगता जागृत करने हेतु एक सप्ताह का काउंसलिंग ड्राईव **(Counselling Drive)** चलाया जाए और लोको पालयट/सहायक लोको पायलट से आश्वासन**(Assurance)** के रूप में हस्ताक्षर लिये जाएं ।

(2) इस संरक्षा चेतावनी **(Safety Alert)** को सभी क्रू बुकिंग स्थल / क्रू लॉबी **(Crew Booking Point / Crew Lobby)** के सूचना पट्ट **(Notice Board)** पर लगाया जाए ।

उपरोक्त हिदायत **(Instruction)** के संबंध में की गयी कार्यवाही का ब्यौरा **(Detail)** अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 25.11.19 तक आवश्यक रूप से प्रेषित किया जाए ।

(सलिल कुमार झा)
प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर

सं0:ई.सी.आर/परि.संरक्षा/चेतावनी/73/505 दिनांक 14.11.2019

प्रतिलिपिः

(1) सचिव/महाप्रबंधक/पूमरे, हाजीपुरः– कृपया महाप्रबंधक महोदय को सूचनार्थ।
(2) मुख्य नियंत्रक (गुड्स कंट्रोल)/हाजीपुरः–सर्वसंबंधित को आगाह करने के लिए सभी मंडलों के मुख्य नियंत्रक **(Chief Controller)** को **FOIS** मैसेज करने हेतु ।

मनोज सिंह 14/11/19